Social Justice Union
Govt. Registered

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 21 नवंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 54

## महत्वपूर्ण एवं खास

### श्रीनगर से 3 आतंकी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सेना के साथ एक संयुक्त अभियान में श्रीनगर जिले में तीन हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा, श्रीनगर पुलिस ने सेना (2आरआर) के साथ श्रीनगर के बाहरी इलाके से तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तीन एके राइफल, दो पिस्तौल, नौ मैगजीन, 200 राउंड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री समेत हथियार और गोला-बारूद की एक बड़ी खेप जब्त की है। आगे की जांच चल रही है।

### अंबानी और पीरामल परिवार में दोहरी खुशी, ईशा अंबानी ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया

**मुंबई (आरएनएस)।** उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनके समधी अजय पीरामल के परिवार के लिए आज का दिन खुशिया भरा रहा। दोनों परिवारों ने संयुक्त रूप से सूचित किया कि ईश्वर की कृपा से ईशा अंबानी के जुड़वां संतान हुई है। बालक कृष्णा और बालिका आदिया पूर्ण स्वस्थ्य है। इस असवर पर दोनों परिवार ने आदिया, कृष्णा, ईशा और आनंद के लिए स्वस्थ और उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

### कश्मीर मुठभेड़ में लश्करे तैयबा का आतंकी मारा गया

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू एवं कश्मीर के अनंतनाग जिले में सेना के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक आतंकवादी को मार गिराया गया। पुलिस ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर जब सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे तो आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दी। सेना ने जब जवाबी कार्रवाई की तो कुलगाम का लश्कर आतंकी सज्जाद तांत्रे को गोली लगी। उसे एसडीएच बिजबेहरा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को बिजबेहरा के चेकी डूडू इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में इनपुट मिलने के बाद मुठभेड़ शुरू हुई थी।

### केरल नौका हादसा - दो और शव बरामद, मरने वालों की संख्या हुई चार

**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** भरतपुझा नदी से रविवार को दो और शव मिलने के साथ ही केरल नाव हादसे में मरने वालों की संख्या चार हो गई है। मृतकों की पहचान अब्दुल सलाम और अबुबकर के रूप में हुई है। मलप्पुरम जिले के चमरावट्टम इलाके में शनिवार शाम भरथपुझा नदी में एक देशी नाव पलट गई थी। दो अन्य रुकिया और साइनाबा के शव शनिवार रात को ही नदी से निकाले गए थे। बचाई गई महिलाएं बीवाथू और रसिया का अलाथियुर सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ हो रही हैं। नाव में सवार छह लोग सीप बीनने गए थे और वहां से घर लौट रहे थे।

# एयर-इंडिया की मुंबई-कालीकट फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी, करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग




**मुंबई (आरएनएस)।** तकनीकी समस्या के चलते मुंबई-कालीकट सेक्टर से संचालित एयर इंडिया 581 फ्लाइट सुबह उड़ान नहीं भर सकी। सुबह 6.13 बजे पुशबैक के बाद फ्लाइट में तकनीकी समस्या पाई गई, जिसके बाद 6.25 बजे वापस लौट आई। हालांकि, इंजीनियरिंग जांच के बाद तकनीकी समस्या दूर कर दी गई। अब फ्लाइट को उड़ान भरने की इजाजत दे दी गई है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है।

इससे पहले शुक्रवार को इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में तकनीकी खराबी की खबर सामने आई थी। कोलकाता से मुंबई जा रही फ्लाइट को उड़ान भरने के महज कुछ समय बाद ही लौटना पड़ा। फ्लाइट में 156 यात्री सवार थे। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इंडिगो की एक फ्लाइट उड़ान भरी थी। कुछ समय बाद ही पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को बताया कि फ्लाइट में तकनीकी खराबी है और वह वापस लौटना चाहता है। इसके बाद फ्लाइट को वापस कोलकाता एयरपोर्ट पर उतारा गया।

गौरतलब है कि टाटा समूह की एयरलाइन एयर इंडिया के वैश्विक नेटवर्क और बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने की कोशिशों के बीच इसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने शनिवार को कहा कि एयरलाइन लंबी दूरी की इंटरनेशनल फ्लाइटों में अधिक सुविधाओं वाली इकोनॉमिक श्रेणी शुरू करने वाली है। मुंबई में जेआरडी टाटा मेमोरियल ट्रस्ट के एक कार्यक्रम में विल्सन ने कहा कि अगले एक दशक में विश्व के विमानन क्षेत्र में भारत और एयर इंडिया के प्रमुख भूमिका में आने के अवसर हैं।

उन्होंने कहा कि एयर इंडिया घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाकर कम से कम 30 फीसदी करेगी। एयरलाइन दीर्घकालिक पुनरुद्धार योजना पर काम कर रही है और अगले पांच वर्षों में उसकी अपने बेड़े के साथ-साथ वैश्विक नेटवर्क को बढ़ाने की भी योजना है। विल्सन ने कहा, निकट भविष्य में गलीचे, पर्दे, सीट कवर-कुशन बदले जाएंगे। हमने घरेलू उड़ानों में मैन्यू पूरी तरह से बदले हैं। इसके अलावा लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अगले महीने से अधिक सुविधाजनक इकोनॉमी श्रेणी शुरू करेंगे।

## भारत की सबसे लंबी ट्रेन विवेक एक्सप्रेस हफ्ते में 2 बार चलेगी



**गुवाहाटी (आरएनएस)।** भारत की सबसे लंबी ट्रेन विवेक एक्सप्रेस, जो नौ राज्यों से होकर 4,189 किलोमीटर की दूरी तय करती है, अब असम के डिब्रूगढ़ से सप्ताह में दो बार चलेगी। एनएफआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने कहा कि रेलवे प्राधिकरण ने डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी-डिब्रूगढ़ मार्ग पर चलने वाली विवेक एक्सप्रेस की आवृत्ति को साप्ताहिक से बढ़ाकर सप्ताह में दो बार करने का निर्णय लिया है।

विवेक एक्सप्रेस, जो पहले केवल डिब्रूगढ़ से शनिवार को चलती थी, अब 22 नवंबर से प्रत्येक मंगलवार को चलेगी।

इसी तरह कन्याकुमारी से जो ट्रेन पहले गुरुवार को ही चलती थी, वह अब 22 नवंबर से प्रत्येक रविवार को अतिरिक्त रूप से चलेगी।

सीपीआरओ ने कहा कि ट्रेन, जिसके 4,189 किलोमीटर के रूट पर 59 स्टॉप हैं, 19 नवंबर, 2011 को शुरू की गई थी। यह ट्रेन पिछले 11 वर्षो से लगातार लोगों की सेवा कर रहा है। एनएफआर, भारत के 17 रेलवे क्षेत्रों में से एक है, मेघालय और सिक्किम को छोडक़र, आठ पूर्वोत्तर राज्यों में से छह में, पश्चिम बंगाल के सात जिलों और बिहार के पांच जिलों में कहीं पूरी तरह से और कहीं आंशिक रूप से संचालित होता है।

## ऑटो रिक्शा में हुए धमाके को डीजीपी ने बताया आतंकी हमला, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट



**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रवीण सूद ने कहा कि मंगलुरु में एक ऑटो में हुआ विस्फोट कोई दुर्घटना नहीं है, बल्कि एक आतंकी हमला है। लिहाजा सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया गया। डीजीपी ने ट्वीट किया, अब इसकी पुष्टि हो गई है। धमाका आकस्मिक नहीं है, बल्कि गंभीर नुकसान पहुंचाने के इरादे से किया गया आतंकी कृत्य है। कर्नाटक राज्य पुलिस केंद्रीय एजेंसियों के साथ इसकी गहन जांच कर रही है।

चलती ऑटो में विस्फोट के बाद सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील शहर में शनिवार को तनाव फैल गया। शुरूआत में पुलिस इस बात की जांच कर रही थी कि यह आग लगने का मामला है या विस्फोट का। हालांकि, आगे की जांच पर, फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) के अधिकारियों ने घटना स्थल से सर्किट वायरिंग के साथ दो बैटरी, नट, बोल्ट जैसे संदिग्ध सामान बरामद किए हैं।

आशंका जताई जा रही है कि विस्फोट के लिए हल्के विस्फोटक उपकरण का इस्तेमाल किया गया। राज्य के गृह विभाग ने इस घटना को गंभीरता से लिया है क्योंकि यह उस दिन हुई थी जब मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शहर का दौरा किया था। पुलिस के साथ, राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी (एनआईए) के भी उस स्थान का दौरा करने और जांच करने की उम्मीद है। पुलिस को बयान देने वाले ऑटो के यात्री प्रेमराज कनोगी के साथ उसकी भूमिका भी सवालों के घेरे में है।

## कोलकाता में श्रद्धा जैसा हत्याकांड... मां के कहने पर बेटे ने पिता के कर दिए टुकड़े




**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है जहां एक लडक़े ने अपनी मां के साथ मिलकर पिता को मौत के घाट उतार दिया। फिर शव को छिपाने के लिए उसने पिता के शव के 6 टुकड़े किए। 55 वर्षीय मृतक उज्ज्वल चक्रवर्ती नौसेना पुलिस का रिटायर्ड कांस्टेबल था। वह साल 2000 में भारतीय नौसेना से रिटायर हुए थे। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने दो निजी फर्मों में काम किया लेकिन नौकरियां छोड़ते रहे। पुलिस ने बताया कि वह आदतन शराब पीता था।


जानकारी के मुताबिक, मां-बेटे ने श्रद्धा मर्डर केस से प्रेरित होकर पिता के शव के टुकड़े किए। सूत्रों के मुताबिक, लडक़े ने बाथरूम के अंदर ही पिता के शरीर को आरी से काट डाला, जिसमें मां ने भी साथ दिया। मां और बेटे पहली बार में शव के टुकड़ों को साइकिल पर रखकर साथ में फेंकने गए। हालांकि, बाद में दो बार बेटा अकेले साइकिल पर रखकर शव के टुकड़े फेंकने गया।

बरुईपुर पुलिस जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमने शनिवार को महिला श्यामली चक्रवर्ती और उसके 25 वर्षीय बेटे जॉय चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया है। शव के सभी टुकड़ों को उनके घर से ज्यादा दूर नहीं बल्कि पास के ही कई स्थानों से बरामद किया गया है। गुरुवार दोपहर पुलिस ने एक व्यक्ति के शरीर का सड़ा हुआ ऊपरी हिस्सा बरामद किया था। शव का टुकड़ा कोलकाता से लगभग 30 किलोमीटर दक्षिण में बरूईपुर के एक तालाब में तैरता पाया गया था। बाद में हाथ-पैर भी कटे हुए मिले।

अधिकारी ने कहा, पीड़ित की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने हत्या का मामला शुरू किया था। हालांकि, जांच में पता चला कि महिला और उसके बेटे ने ही व्यक्ति की हत्या की। हत्या के बाद उन्होंने आरी से शव के टुकड़ों किए और घर के पास ही फेंक दिए।' पुलिस के मुताबिक पीड़ित नशे की हालत में था और सोमवार की शाम उसकी अपने बेटे से तीखी नोकझोंक हुई थी। उनका बेटा पॉलिटेक्निक का कोर्स कर रहा है और उसने फीस के लिए कुछ पैसे मांगे थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया, झगड़े से क्रोधित होकर उसके बेटे ने उसके साथ मारपीट की और उसका गला घोंट दिया। मां-बेटे की जोड़ी ने फिर आरी से शव के पांच टुकड़े किए और फिर उन्हें ठिकाने लगा दिया। घर से 500 से 700 मीटर की दूरी के भीतर कई स्थानों पर शव के टुकड़े बिखरे हुए थे।

## सीबीआई ने 22 हजार करोड़ रुपए के एबीजी शिपयार्ड ऋण धोखाधड़ी मामले में आरोपपत्र किया दायर



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 22 हजार करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी मामले में एबीजी शिपयार्ड और इसके सीएमडी और अन्य अधिकारियों सहित 24 अन्य के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। मामले में अपनी पहली चार्जशीट में एजेंसी ने उल्लेख किया है कि आरोपियों ने देश भर में पैसे से अचल संपत्ति खरीदी। सीबीआई ने अपनी जांच में विभिन्न माध्यमों से किए गए 5000 करोड़ रुपये के लेन-देन को स्थापित किया है। एजेंसी ने 7 फरवरी को एबीजी शिपयार्ड, उसके सीएमडी ऋषि कमलेश अग्रवाल, सीएफओ धनंजय दातार कॉरपोरेट गारंटर और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

शिकायतकर्ता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि आरोपी ने आईसीआईसीआई बैंक के नेतृत्व में 28 बैंकों के कंसोर्टियम को धोखा दिया, जिससे 22,842 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई।

सीबीआई ने उल्लेख किया है कि अभियुक्तों द्वारा कथित रूप से बड़ी रकम अपने से संबंधित पक्षों को हस्तांतरित की और बाद में समायोजन प्रविष्टियां की गईं।

बैंक ऋणों को डायवर्ट कर इसको विदेशी सहायक कंपनी में निवेश किया गया। यह भी आरोप लगाया गया था कि बैंकों से धन को संबंधित पक्षों के नाम बड़ी संपत्ति की खरीद के लिए डायवर्ट किया गया था।

इससे पहले 12 फरवरी को लगभग 13 स्थानों पर तलाशी ली गई थी। इस दौरान ऋण लेने वाली कंपनी के खातों की पुस्तकों, खरीद, बिक्री विवरण, शेयर रजिस्टर, विभिन्न अनुबंध फाइलों आदि सहित कई आपत्तिजनक दस्तावेजों की बरामदगी हुई थी।

विभिन्न स्थानों पर की गई जांच के दौरान उक्त निजी कंपनी के अधिकारियों, बैंक अधिकारियों सहित कई गवाहों का परीक्षण किया गया।

सीबीआई ने 21 सितंबर को तत्कालीन प्रमोटर और अध्यक्ष को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी ने दूसरों के साथ मिलकर साजिश रची और अपने कर्मचारियों की मदद से देश के भीतर और बाहर कई संस्थाओं को शामिल किया और बैंक फंड को डायवर्ट करते रहे।

जांच के दौरान पता चला कि अभियुक्तों ने धोखे से उक्त निजी कंपनी के बैंक/बिजनेस फंड की बड़ी राशि और बड़ी संख्या में आलीशान फ्लैट, बहुमंजिला इमारतें और जमीनें खरीदीं।

सीबीआई ने कहा है कि उनकी जांच में एबीजी शिपयार्ड द्वारा सिंगापुर स्थित अपनी तीन अपतटीय समूह संस्थाओं के साथ धोखाधड़ी से 2010-2013 के बीच जारी की गई कई बैंक गारंटी प्राप्त करने का खुलासा हुआ है। इसके परिणामस्वरूप बैंकों को नुकसान हुआ है।

सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में उल्लेख किया है कि एबीजी शिपयाड ने कथित रूप से सिंगापुर की एक अन्य फर्म के पक्ष में लेटर ऑफ क्रेडिट स्थापित करके सार्वजनिक धन की हेराफेरी की। जांच में कंपनियों के वेब के निर्माण के माध्यम से डायवर्जन भी पाया गया है, जिसका एक हिस्सा इस्तेमाल किया गया था। मुंबई में चार फ्लैट, एक आवासीय टॉवर, जिसमें 14 फ्लैट हैं और सूरत में लगभग 5-6 एकड़ की व्यावसायिक भूमि की खरीदारी की।

## धनबाद में सीआईएसएफ और कोयला चोरों में मुठभेड़, 4 ढेर

**धनबाद (आरएनएस)।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और कोयला चोरों के बीच झड़प में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतक कोयला बताए जाते हैं। मामला धनबाद जिला के कतरास स्थित ब्लॉक-2 क्षेत्र अंतर्गत बेनीडीह लिंक रेलवे साइडिंग की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बीती देर रात तकरीबन 12.30 बजे कोयला चोरी करने पहुंचे लोगों और सीआईएसएफ जवानों के बीच भिड़ंत हो गई। जवानों ने फायरिंग की जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 2 लोग घायल हो गए।

इधर, मारे गए लोगों के परिजनों ने पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ रोष व्यक्त किया है। मृतकों का शव एसएनएचएमएस में रखा गया है। धनबाद एसडीएम बाघमारा पहुंचे हैं और स्थिति का जायजा ले रहे हैं। घटनास्थल को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस ने मौके से 21 बाइक भी बरामद की है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि केके लिंक साइडिंग से देर रात कुछ लोग कोयला लेने आए थे। उनकी गतिविधियां संदिग्ध थीं। सीआईएसएफ जवानों ने टोका तो बहस शुरू हो गई जो आगे झड़प में तब्दील हो गई। बताया जाता है कि झड़प के दौरान सीआईएसएफ की ओर से फायरिंग की गई जिसकी चपेट में आकर 4 लोगों की मौत हो गई। 2 लोग घायल हैं। हालांकि, सीआईएसएफ ने 1 घायल की ही पुष्टि की है।

## दिल्ली में गैंगस्टर जितेंद्र गोगी के चार शार्पशूटर गिरफ्तार



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रविवार को कहा कि उसने मारे गए गैंगस्टर जितेंद्र गोगी के चार शार्पशूटरों को गिरफ्तार किया है, जो हत्या और जबरन वसूली सहित दो दर्जन आपराधिक मामलों में वांछित चल रहे थे। आरोपियों की पहचान अमन, प्रदीप, रोशन और अंकित के रूप में हुई है।

डीसीपी राजीव रंजन सिंह ने कहा कि एसीपी संजय दत्त और उनकी टीम चारों आरोपियों के बारे में एक गुप्त सूचना पर काम कर रही थी।

डीसीपी रंजन ने कहा, 16 नवंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि अमन और रोशन कुछ आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भीकाजी कामा पैलेस आने वाले हैं। तभी एक टीम को तुरंत इलाके में भेजा गया। पुलिस ने वहां देखा कि अन्य दो आरोपी भी वहां मौजूद थे। चारों अलग-अलग दोपहिया वाहनों पर आए थे, सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि जुलाई माह में अमन ने अपने साथी मुख्तार के साथ मिलकर बिंदापुर क्षेत्र में कपिल नाम के शख्स पर फायरिंग की थी।

कपिल की गर्दन पर गोलियां लगीं लेकिन वह बच गया। तब से अमन फरार चल रहा था।

अप्रैल 2017 में अमन और कपिल के बीच दुश्मनी चल रही थी, तभी उसके साथियों ने मुस्तफा की हत्या कर दी थी, जो अमन का बहुत करीबी दोस्त था और मुख्तार का बड़ा भाई था।

जब वह भाग रहा था, तब अमन ने रोशन और अंकित के साथ मिलकर डकैती करने के लिए एक दोपहिया वाहन चुराया।

आरोपियों ने दिल्ली छावनी में राकेश वर्मा की सोने की चेन छीनने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। तीनों ने पंकज को भी मार दिया, जिसका रोशन की पत्नी के साथ अफेयर चल रहा था।

पूछताछ के दौरान यह भी पता चला कि कई बार उन्होंने अवैध शराब तस्करों और जुआरियों पर गोलियां चलाईं और पैसे वसूले, लेकिन मामला दर्ज नहीं किया गया क्योंकि कोई शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आया।

## सड़क हादसे में लॉ कॉलेज के दो छात्रों की हुई मौत, गम में डूबे साथी छात्र




**नोएडा (आरएनएस)।** सेक्टर-142 कोतवाली क्षेत्र स्थित सर्विस रोड पर शनिवार सुबह साढ़े नौ बजे के करीब एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें लॉ कॉलेज के दो छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रेटर नोएडा के लायड लॉ कॉलेज में ला पांचवें वर्ष के छात्र अहमदाबाद के चौहान जय सिंह और पानीपत के अक्षित भटनागर सुबह बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान एक स्विफ्ट डिजायर कार को क्रास करते समय दोनों की बाइक सामने जा रहे एक ट्रक में घुस गई।

इसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय बाइक की रफ्तार 120 किलोमीटर प्रतिघंटा जबकि ट्रक की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रतिघंटा थी। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन को छोड़ कर भाग गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

वर्तमान में दोनों छात्र दिल्ली के लाजपत नगर में किराये के मकान में रह रहे थे। स्वजन से संपर्क करने पर पता चला कि दोनों घर की इकलौती संतान थे। दोनों की मौत होने की जानकारी होते ही मृतकों का पूरा परिवार ग्रेटर नोएडा के लिए रवाना हो गया। ट्रक के नंबर के आधार पर कोतवाली पुलिस आरोपित चालक की पहचान कर रही है। आरोपित की तलाश में एक टीम बनाई गई है। ट्रक को कोतवाली पुलिस थाने लेकर आ गई है। मृतक युवकों में एक के माता पिता की शनिवार को सालगिरह होने की बात कही जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ऐसे हुई मृतकों की पहचान

कोतवाली प्रभारी उत्तम कुमार ने बताया कि मृतक युवकों में से एक की जेब से जो एटीएम मिला था,उसे पुलिस की टीम संबंधित बैंक की एक शाखा में लेकर गई। वहां से पता चला कि एटीएम चौहान जय सिंह के नाम पर है। उसके बाद स्थानीय पुलिस से समन्वय स्थापित कर मृतकों के स्वजन तक सूचना पहुंचाई गई। चौहान जय सिंह के स्वजन से बात करने पर मालूम हुआ कि चौहान जय सिंह के साथ दूसरा युवक अक्षित भटनागर था। दोनों गहरे दोस्त थे।

गम में डूबे छात्र

छात्रों की मौत होने की जानकारी जैसे की कालेज के छात्रों और प्रोफेसरों को हुई,मातम छा गया। छात्रों के साथी भाग कर घटनास्थल पहुंचे,लेकिन तब तक दोनों की मौत हो गई।